# कार्यालय – प्राचार्य
# शासकीय नवीन महाविद्यालय,बेलौदी, जिला–बालोद (छ.ग.)

**email id : principalgovt.collegebeloudi@gmai.com** **website add:www.gcbeloudi.in**

क्रमांक :– 71 /प्रवेश/2021 बेलौदी दिनांक– 29.07.2021

## // प्रवेश सूचना//

महाविद्यालय में **बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी प्रथम वर्ष** शैक्षणिक सत्र् **2021–22** में प्रवेश के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग दिनांक 28.07.2021 के द्वारा **स्नातक प्रथम वर्ष** में छात्र/छात्राओं के **ऑनलाईन पद्धति** के माध्यम से प्रवेश फार्म भरने की तिथियॉ घोषित कर दी गई है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी दिनांक **02/08/2021 से 20/08/2021** तक ऑनलाईन प्रवेश हेतु हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** के माध्यम से प्रवेश फार्म भर सकते हैं।

**निर्देश :–**

1. छात्र/छात्राऍ **https://durg.ucanapply.com** के माध्यम से समस्त निर्देशों का अवलोकन करने के पश्चात् सही जानकारी के साथ ऑनलाईन फार्म भरें।
2. आवेदन पत्र में सभी जानकारियॉ सही है यह सुनिश्चित करने के बाद ही आवेदन पत्र जमा करें।
3. प्रवेशार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय उपयोग किये गये ई–मेल आईडी एवं पासवर्ड को संभालकर रखें ताकि भविष्य में उनको नामांकन फार्म, परीक्षा फार्म भरने में कठिनाई न हो।
4. महाविद्यालय में किसी भी स्थिति में ऑफलाईन प्रवेश फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
5. विस्तृत जानकारी के लिए वि.वि. की वेबसाईट एवं महाविद्यालय में बने हेल्प डेस्क से प्राप्त कर सकते हैं।
6. पर्याप्त संख्या अर्थात् रिक्त सीटों के बराबर या उससे अधिक आवेदन प्राप्त हो जाने पर (दिनांक **20.08.2021** के पूर्व ही ) लिस्ट जारी कर दी जावेगी। उसके बाद प्राप्त आवेदनों पर स्थान रिक्त रहने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जायेगा। विद्यार्थी समय पूर्व ही आनलाईन फार्म भर लेवें ।
7. प्रवेश आवेदन फार्म पूर्णतः निःशुल्क है। परन्तु यदि छात्र/छात्राएं किसी सी.एस.सी सेन्टर से फार्म भरवाते हैं तो उसे उनकी फीस का भुगतान स्वयं को करना होगा।
8. ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने के बाद विद्यार्थी समय समय पर महाविद्यालय पंहुंच कर सूचना पटल या महाविद्यालय के वेबसाईट **website add:www.gcbeloudi.in** का अवलोकन करते रहें।
9. **ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने के अगले दिन विद्यार्थी अपनी ऑनलाईन आवेदन की हार्डकॉपी निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालयों में जमा करेंगे–**
   1. 10 वीं एवं 12 वीं का अंकसूची की छायाप्रति ।
   2. जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
   3. आधार कार्ड की छायाप्रति एवं ।
   5. एक पासपोर्ट फोटो।
   6. छ.ग. राज्य के मान्य बोर्ड/ सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.सी./ आई.सी.एस.ई./एन.आई.ओ.एस. के अतिरिक्त अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण प्रवेशार्थी को माईग्रेशन सर्टिफिकेट तथा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से प्राप्त पात्रता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

प्राचार्य
**Principal**
**Govt.Naveen College Beloudi**
**Distt.-Balod(C.G)**

पृ.क्रमांक :– 72/प्रवेश./2021 बेलौदी दिनांक– 29.07.2021

प्रतिलिपिः–

1. समस्त सहायक प्राध्यापक/कर्मचारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ
2. स्था./लेखा. शासकीय महाविद्यालय बेलौदी, जिला– बालोद ।
3. सूचना पटल।

Principal
**Govt.Naveen College Beloudi**
**Distt.-Balod(C.G)**
प्राचार्य



Scanned with CamScanner

# कार्यालय – प्राचार्य
# शासकीय नवीन महाविद्यालय,बेलौदी, जिला–बालोद (छ.ग.)

email id : principalgovt.collegebeloudi@gmai.com website addwww.gcbeloudi.in

बेलौदी दिनांक – 29.07.2021

## // आवश्यक सूचना //

महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में जो विषय का अध्ययन किया जाता है वही विषय का चयन कर ऑनलाईन फार्म भरें।

| कक्षा | विषय |
|---|---|
| बी.ए.प्रथम वर्ष | हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं हिन्दी साहित्य। |
| बी.कॉम.प्रथम वर्ष | हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा, एवं सभी अनिवार्य विषय। |
| बी.एस.सी.प्रथम वर्ष | हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, एवं वनस्पतिशास्त्र। |

नोट :– हार्ड कापी में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर फार्म स्वीकार नही किया जावेगा एवं प्रवेश नही दिया जायेगा।

प्राचार्य
Principal
Govt.Naveen College Beloudi
Distt.-Balod(C.G)

Scanned with CamScanner